# UNIVERSITY NEWS 09 JULY 2026

## HINDUSTAN

### एलयू में 19 विषयों का रिजल्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के 19 विषयों का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। इस बाबत परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एमवीए अप्लाइट आर्ट कैंपेन विजुअलाइजेशन, इलुस्ट्रेशन, फोटोग्राफी, एमवीए पेंटिंग सिरेमिक्स, क्रिएटिव पेंटिंग, पोट्रेट पेंटिंग, समेत विषयों के रिजल्ट जारी हुए।

### बीकॉम में दाखिले का जोरदार रुझान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षा के तहत बुधवार को बीकॉम ऑनर्स और बीकॉम एनईपी की प्रवेश परीक्षाएं संपन्न हुई। विवि प्रशासन के अनुसार दोनों पालियों की परीक्षा के लिए कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उपस्थिति 75.18 प्रतिशत दर्ज की गई। दूसरी पाली में बीकॉम एनईपी की परीक्षा आठ केंद्रों पर आयोजित की गई। इस पाली में उपस्थिति 85.21 प्रतिशत रही।

प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने इस बाबत दावा किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और पारदर्शिता के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## AMAR UJALA

### 85 फीसदी ने दी बीकॉम की प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लविवि की स्नातक प्रवेश परीक्षा 2026-27 के तहत बुधवार को बीकॉम (ऑनर्स) और बीकॉम (एनईपी) की परीक्षाएं हुईं। बीकॉम (एनईपी) में 85.21 और बीकॉम (ऑनर्स) में 75.18 फीसदी विद्यार्थी उपस्थित रहे। बीकॉम (ऑनर्स) की पहली पाली की परीक्षा में 2821 विद्यार्थी उपस्थित हुए, जबकि 931 अनुपस्थित रहे। बीकॉम (एनईपी) की दूसरी पाली की परीक्षा में 3,648 विद्यार्थी उपस्थित हुए और 633 अनुपस्थित रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

## DAINIK JAGRAN

### 75 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने दी बीकाम प्रवेश परीक्षा

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और नेशनल पीजी कालेज मे बुधवार को स्नातक के अलग-अलग पाठ्यक्रमो मे दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। लवि में बी.काम और बी.काम आनर्स की




प्रवेश परीक्षा के लिए 15 केंद्र बनाए थे। बी.काम आनर्स की पहली पाली में 2,821 अभ्यर्थी शामिल हुए। उपस्थिति प्रतिशत 75.18 प्रतिशत रहा, जबकि 931 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली मे बी.काम एनईपी मे 3,648 अभ्यर्थी शामिल हुए और 633 अनुपस्थित रहे। दूसरी ओर नेशनल पीजी कालेज में बीसीए, बी.वाक (साफ्टवेयर), बी.एससी और बैचलर आफ पब्लिक हेल्थ की प्रवेश परीक्षा हुई। वि.

## VOICE OF LUCKNOW

### लविवि में हुई स्नातक प्रवेश परीक्षा

- दोनों पालियों में बनाए गए थे 15 परीक्षा केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षा 2026-27 के अंतर्गत बुधवार को बीकॉम (ऑनर्स) और बीकॉम (एनईपी) की प्रवेश परीक्षाएं विभिन्न



केंद्रों पर पूरी तरह से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुईं। दोनों ही पालियों की परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की भारी उपस्थिति दर्ज की गई, जो विश्वविद्यालय के वाणिज्य पाठ्यक्रमों के प्रति छात्रों के जबरदस्त आकर्षण को दर्शाती है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, बीकॉम की प्रवेश परीक्षाओं के संचालन के लिए दोनों पालियों को मिलाकर कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। बीकॉम (ऑनर्स) की पहली पाली में उपस्थित विद्यार्थी 2,821, अनुपस्थित विद्यार्थी: 931, कुल उपस्थिति प्रतिशत 75.18% रहा। वहीं बीकॉम (एनईपी) दूसरी पाली में उपस्थित विद्यार्थी 3,648, अनुपस्थित विद्यार्थी 633, कुल उपस्थिति प्रतिशत 85.21% रहा।

सभी निर्धारित 15 परीक्षा केंद्रों (पहली पाली में 7 और दूसरी पाली में 8 केंद्र) पर परीक्षाएं अत्यंत सुचारू और पारदर्शी तरीके से पूरी कराई गईं। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा की शुचिता बनाये रखने, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए केंद्रों पर पानी, बैठने की व्यवस्था और कड़े सुरक्षा घेरे सहित सभी आवश्यक और पर्याप्त प्रबंध पहले से ही किए गए थे।

## NBT

### बीकॉम में दाखिले की रेस से 25% अभ्यर्थी बाहर



NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में काउंसलिंग से पहले ही बीकॉम ऑनर्स में 25 फीसदी अभ्यर्थी दाखिले की रेस से बाहर हो गए हैं। दरअसल स्नातक प्रवेश परीक्षा के तहत बुधवार को बीकॉम (ऑनर्स) और बीकॉम (एनईपी) की प्रवेश परीक्षाएं हुईं। पहली पाली में आयोजित बीकॉम (ऑनर्स) की प्रवेश परीक्षा में लगभग 25 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा छोड़ने के साथ ही ये छात्र एलयू में दाखिले की रेस से भी बाहर हो गए हैं। वहीं, करीब 75 फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा में शामिल होकर अपनी दावेदारी पेश की है।

विवि प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, बीकॉम की प्रवेश परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए दोनों पालियों को मिलाकर कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। पहली पाली में 7 केंद्रों पर बीकॉम (ऑनर्स) की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कुल 2,821 (75.18%) विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 931 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में 8 केंद्रों पर बीकॉम (एनईपी) की प्रवेश परीक्षा हुई। इसमें वाणिज्य पाठ्यक्रमों के प्रति छात्रों का आकर्षण ज्यादा रहा। बीकॉम (एनईपी) में कुल 3,648 (85.21%) अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 633 छात्र गैरहाजिर रहे।

## AMRIT VICHAR

### लविवि में बीकॉम प्रवेश परीक्षा संपन्न

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षा 2026-27 के अंतर्गत बुधवार को बीकॉम (ऑनर्स) और बीकॉम (एनईपी) की प्रवेश परीक्षाएं विभिन्न केंद्रों पर संपन्न हुई। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, बीकॉम की प्रवेश परीक्षाओं के संचालन के लिए दोनों पालियों को मिलाकर कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। बीकॉम (ऑनर्स) पहली पाली मे कुल 2,821 विद्यार्थी उपस्थित रहे जबकि 931 अनुपस्थित रहे। बीकॉम (एनईपी) दूसरी पाली मे उपस्थित छात्रों की संख्या 3,648 रही जबकि 633 अनुपस्थित रहे।

## DAINIK JAGRAN

- लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी इंटीग्रेटेड की प्रवेश परीक्षा सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे, बीबीए दोपहर 2:30 से शाम चार बजे।

## DAINIK JAGRAN

### लवि ने जारी किया परिणाम

लखनऊ : लवि ने सम सेमेस्टर मे 20 कोर्सो के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। इनमे एमवीए, एम.एससी, एमपीएस, बी.एससी एग्रीकल्चर आनर्स शामिल है। वेबसाइट पर परिणाम देख सकते है। वि.

## I NEXT

### फिर से शुरू होंगे कोर्स

लखनऊ विश्वविद्यालय करीब 18 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद डाक्टरेट ऑफ लेटर्स (डी. लिट.), डाक्टरेट ऑफ साइंस (डी.एससी.) और डाक्टरेट ऑफ लॉज (एलएलडी) जैसे शीर्ष उच्च शैक्षणिक अनुसंधान पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया को फिर शुरू करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की विभिन्न सक्षम निकायों से 'ऑर्डिनेंस गवर्निंग द अवार्ड ऑफ द डिग्री ऑफ डी. लिट., डी.एससी. एंड एल.एल.डी. 2025' को पारित किया जा चुका है।